प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
18.45 शनिवार दिनांक 26.09.2026

मुख्य समाचारः—

- प्रदेश में पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन अस्त—व्यस्त—बस्तर संभाग सहित राज्य के कई नदी—नाले उफान पर—कई मार्गों पर आवागमन प्रभावित।

- गंगरेल बांध के सभी गेट खोले गए—महानदी, खारून और शिवनाथ नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही—शिवनाथ नदी में गणेश विसर्जन पर रोक लगाई गई।

- छत्तीसगढ़ की पहली महिला खुली जेल का रायपुर में पुलिस महानिदेशक जेल ने किया शुभारंभ।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

<u>बारिश—01</u>

प्रदेश में पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन अस्त—व्यस्त हो गया है। बस्तर संभाग सहित राज्य के कई नदी—नाले उफान पर हैं। जगदलपुर में बारिश से कई मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। एक नाबालिग की मौत भी हुई है।

बस्तर में इंद्रावती नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं, बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। और अधिक जानकारी दे रहे हैं, दंतेवाड़ा से हमारे संवाददाता नरेश मिश्रा।

उधर, धमतरी जिले में स्थित गंगरेल बांध के सभी गेट कल से खोल दिए गए हैं। हमारे धमतरी संवाददाता रोशन सिन्हा ने बताया कि बांध से पानी छोड़े जाने के कारण महानदी सहित अन्य नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

दुर्ग जिले में शिवनाथ नदी भी उफान पर है। इसके कारण कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री और दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने दुर्ग में आज बाढ़ और जलभराव की स्थिति का जायजा लिया।

वहीं, दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज शिवनाथ नदी के पास बने गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण करने के बाद शिवनाथ नदी में प्रतिमा विसर्जन पर फिलहाल रोक लगा दी है।

होल्ड बाईट–अभिजीत सिंह, कलेक्टर (40 सेकेण्ड)

<u>बारिश–02</u>

हमारे दुर्ग संवाददाता अभय जवादे ने बताया कि दुर्ग जिले की दो प्रमुख नदियां – शिवनाथ और खारून खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

राजनांदगांव जिले में भी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। हमारे संवाददाता मिथिलेश देवांगन ने बताया कि मोंगरा, खाटूटोला और सूखानाला बैराज से पानी छोड़ा जा रहा है।

राजधानी रायपुर में खारून नदी में पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। प्रशासन ने आसपास के गांवों के लिए अलर्ट जारी कर दिया है।

राजिम में भी त्रिवेणी संगम का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। राजिम बस स्टैंड में चार फीट तक पानी भर गया है। वहीं, निचली बस्तियों में पानी भरने के कारण लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

जांजगीर–चांपा जिले में महानदी का जलस्तर बढ़ने से महानदी–शबरी सेतु से आवागमन बंद हो गया है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में अलर्ट जारी कर दिया है। मौके पर डीडीआरएफ की टीम तैनात है।

बारिश–03

इस बीच, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के अंतर्गत गुंडरदेही–लाटाबोर के बीच ट्रैक धंसने और जलभराव के कारण रेल यातायात प्रभावित हुआ है। इसके कारण अंतागढ़–दुर्ग–रायपुर के बीच ट्रेन परिचालन रद्द कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में उत्पन्न बाढ़ और जल भराव की स्थिति को देखते हुए संबंधित जिलों के कलेक्टरों को पूरी सतर्कता के साथ राहत और बचाव कार्य चलाने के निर्देश दिए हैं।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

आंगन मिलन सेवा

''सेवा संकल्प अभियान'' के तहत प्रदेशभर में कल से ''आंगन मिलन सेवा'' कार्यक्रम शुरू हो गया है। पहले दिन राज्य में बाईस सौ से अधिक स्थानों पर करीब तेरह हजार गतिविधियां आयोजित की गईं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुंगेली जिले के मदकू में आयोजित आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए और माताओं तथा बच्चों के पोषण का संदेश दिया।

## ग्राम–नाम परिवर्तन

कबीरधाम जिले के ग्राम चंडालपुर का नाम बदलकर अब आधिकारिक रूप से चंदनपुर कर दिया गया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा गांव की नई पहचान का राजपत्र लेकर चंदनपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को राजपत्र की प्रति सौंपी और उन्हें बधाई दी। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने गांव के विकास कार्यों के लिए करीब बारह लाख रूपये देने की घोषणा की।

## खुली जेल–शुभारंभ

छत्तीसगढ़ की पहली महिला खुली जेल का शुभारंभ आज पुलिस महानिदेशक जेल हिमांशु गुप्ता ने किया। केंद्रीय जेल रायपुर में स्थित यह खुली जेल महिला बंदियों के सुधार, पुनर्वास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस खुली जेल में पच्चीस महिला बंदियों के रहने की व्यवस्था की गई है।

## सेवा संकल्प अभियान–कैप्सूल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सार्वजनिक जीवन में पच्चीस वर्ष पूरे कर रहे हैं। उनकी यह यात्रा 'जन सेवा से देश सेवा' के मंत्र और निरंतर समर्पण से परिभाषित रही है, जो आज भी जारी है। सेवा और सुशासन की इसी

सोच से प्रेरित होकर सरकार वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

आज की इस विशेष श्रृंखला 'सेवा संकल्प अभियान' में हम आपको स्वच्छ भारत मिशन के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार ने पहले शौचालय की सुविधा को प्राथमिकता दी और इसके बाद गांवों को ओडीएफ प्लस बनाने पर जोर दिया।

प्रदेश के तिहत्तर प्रतिशत गांवों में ठोस कचरा प्रबंधन और चौरानवे प्रतिशत गांवों में तरल कचरा प्रबंधन की व्यवस्था दर्ज की गई। तेरह हजार तैंतीस गांव ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित हो चुके थे।

छत्तीसगढ़ में सत्रह सितंबर से सत्रह अक्टूबर दो हजार छब्बीस तक चल रहे 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में सार्वजनिक स्थानों के कायाकल्प, स्कूलों में स्वच्छता, युवाओं की भागीदारी, सफाई मित्रों की सुरक्षा और सम्मान तथा कचरे के बेहतर प्रबंधन पर जोर दिया जा रहा है।

एशियन गेम्स–स्वर्ण पदक

जापान में आयोजित एशियन गेम्स में भारतीय महिला कबड्डी टीम ने ईरान को हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया है। इस टीम में छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले की संजू देवी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संजू देवी को फोन कर इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने संजू देवी के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा है कि उनकी इस उपलब्धि से पूरा छत्तीसगढ़ गौरवान्वित ळें

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''कबीरधाम'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

<><><><><><>